केवि शिक्षकों ने किया उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान का दौरा

जबलपुर। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के बॉयालोजी के पी.जी.टी. शिक्षकों का इन सर्विस कोर्स शहर में चल रहा है। इसमें मुंबई, देहरादून, रायपुर, वाराणसी, गुरुग्राम, दिल्ली, आगरा, रांची, जबलपुर, जम्मू और भोपाल के केन्द्रीय विद्यालय संगठन में कार्यरत शिक्षकों ने उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान टी.एफआर.आई. का भ्रमण किया। यह कार्यक्रम शिक्षकों के माध्यम से छात्रों में पर्यावरण जागरुकता की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। भ्रमण के आरंभ में विस्तार प्रभाग प्रमुख डॉ. गीता जोशी ने संस्थान के कार्य क्षेत्र एवं प्रभागों में चल रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों से परिचित कराया। इस दौरान संस्थान के म्यूजियम, बायोफर्टिलाइजर प्रयोगशाला, वनोषधी नर्सरी, वृक्ष प्रजनन एवं आनुवांशिकी प्रभाग और कीटालय का भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों जैसे डॉ. अरुणकुमार, डॉ पी.के. राणा, डॉ. एस.सी विश्वास, ए.जे.के असैया, आर.बी.माझी एवं डॉ. ममता पुरोहित से वानिकी के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।